bihar board class 9 geography notes chapter 7

भारत के पड़ोसी देश

महत्वपूर्ण तथ्य-

नेपाल भारत का एक पड़ोसी देश है । यह हमारे देश के उत्तर में अवस्थित है । ग्लोब पर नेपाल 26° 20 से 30° 10′ उत्तरी अक्षांश तथा 80° 10 से 88° 10′ पूर्वी देशान्तर रेखाओं के बीच स्थित हे । नेपाल के उत्तर में स्थित है जिसके बीच महान हिमालय दीवार की तरह खड़ा है। नेपाल के पूर्व में सिक्किम एवं पश्चिम बंगाल, पश्चिम में उत्तराखण्ड तथा दक्षिण बिहार एवं उत्तर प्रदेश राज्य स्थित है । नेपाल का कुल क्षेत्रफल 140497 वर्ग कि०मी० है । जनसंख्या लगभग 2.76 करोड़ है । नेपाल में धरातल के पास मुलायम चट्टान तथा धरातल के नीचे कठोर चट्टानें पाई जाती हैं । स्थलाकृति के आधार पर नेपाल को तीन भागों में बाँटा गया है-दक्षिण का उपजाऊ तराई प्रदेश, मध्य का पहाड़ी प्रदेश तथा हिमालय की श्रेणी प्रदेश । नेपाल के उत्तरी भाग में अनेक ऊँचे-ऊँचे पर्वत शिखर हैं जो पर्वतारोहियों को आकर्षित करते हैं । विश्व का सर्वोच्च शिखर “माऊंट एवरेस्ट” जिसकी ऊँचाई 8848 मी० है, नेपाल-तिब्बत सीमा अवस्थित है जिसे स्थानीय लोग ‘सागर-माथा’ के नाम से जानते हैं । नेपाल के अन्य शिखरों में अन्नपूर्णा, धौलागिरी तथा नेप्पू प्रमुख हैं । नेपाल की जलवायु शीत प्रधान है । दक्षिण के तराई भागों को छोड़कर सभी स्थानों का तापमान कम रहता है । काठमाण्डू का तापमान 20 से० से भी कम है । जबकि गर्मी में 30° से. तक पहुँच जाता है । गर्मी में मानसून हवाओं से नेपाल के पूर्वी भाग में 200 सेमी तथा पश्चिम में 100 से०मी० सालाना वर्षा होती है । नेपाल में पूर्व से पश्चिम तीन प्रमुख नदियाँ बहती हैं-कोसी, गण्डक तथा घाघरा नदी । सभी नदियाँ उत्तर से दक्षिण प्रवाहित होकर भारत की सीमा में प्रवेश करती हैं । ढालुआँ भूमि के कारण मृदा का अपरदन तेजी से होता है। नेपाल के
25.4% भूमि पर वन तथा 13% पर चारागाह फैला है । यहाँ के वनों में हाथी, बाघ, भालू, बन्दर, हिरण, खरगोश आदि वन्य जीव पाए जाते हैं । यहाँ 18% भूभाग पर खेती होती है । व्यापारिक फसलों में जूट, गन्ना, फल, तम्बाकू, चाय तथा कपास प्रमुख हैं । कुल उत्पादन का 70% तराई
प्रदेश से आता है । नेपाल में खनिजों का अभाव है । अभ्रक मुख्य खनिज है । अल्प मात्रा में लिग्नाइट, ताँबा, कोबाल्ट आदि भी मिलते हैं, नेपाल का आर्थिक व्यापार मुख्यतः भारत, बंगलादेश, चीन तथा भूटान के साथ होता है । काठमाण्डू देश की राजधानी है तथा सड़क मार्ग द्वारा चीन और भारत से जुड़ा है । पोखरा दूसरा बड़ा नगर है । वीरगंज एवं जनकपुर अन्य प्रमुख व्यापारिक नगर हैं । पिछले 240 वर्षों से नेपाल में राजतंत्र की व्यवस्था चली अ रही है लेकिन 2008 से वहाँ भी लोकतंत्र की नींव पड़ गई है । यहाँ विकास की सभी संभावनाएँ हैं । जल विद्युत, खनिज तथा कृषि के विकास से नेपाल का विकास संभव है।

https://www.evidyarthi.in/